JALAUN POLICE

दिनांक – 24.04.2026

थाना कोटरा पुलिस द्वारा आईपीएल मैच के दौरान बृहद स्तर पर ऑनलाइऩ आईपीएल सट्टे/जुआ के संगठित नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए सक्रिय रूप से सम्मिलित 05 अभियुक्तों को मौके से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से ऑनलाइन सट्टे में प्रयुक्त किये जा रहे 05 अदद मोबाइल फोन तथा अभियुक्तों के कब्जे से कुल 37,470/- रु0 बरामद कर विधिक कार्यवाही करते हुये जेल भेजा गया है।

अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जनपद जालौन के कुशल पर्यवेक्षण में जनपद में ऑनलाइऩ सट्टा जुआ के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 24.04.2026 को थाना कोटरा पुलिस द्वारा ऑनलाइन आईपीएल सट्टे का काला कारोबार कर आर्थिक लाभ प्राप्त करने वाले गैंग सरगना सहित कुल 05 अपराधियों को वाईपास तिराहा कस्वा कोटरा से गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की गयी है , जिसमें एक अभियुक्त मौके का फायदा उठाकर भाग गया है।

अभियुक्तगणों के कब्जे से आनलाइऩ सट्टा कारोबार में प्रयुक्त किये जा रहे इलेक्ट्रानिक उपकरण (कुल 05 मोबाइल फोन) को कब्जा पुलिस में लिया गया, जिसमें अभियुक्तों द्वारा आनलाइन सट्टा, ट्रेडिंग के ऐप प्रयुक्त किये जा रहे थे जिनको बतौर साक्ष्य प्राप्त किया गया है। अभियुक्तगणों के कब्जे से कुल 37,470/- रूपये भी नगद बरामद हुए हैं। अभियुक्तों के विरूद्ध थाना कोटरा पर मु0अ0सं0 32/2026 धारा 13 सार्वजनिक जुआ अधि0 एवं 112(2) बीएऩएस पंजीकृत कर अभियुक्तगणों को जेल भेजा गया है।

पूछताछ का विवरण- अभियुक्तगणों से बृहद पूछताछ में उनके द्वारा बताया कि वह लोग एक संगठित गिरोह बनाकर आनलाइन आईपीएल सट्टा खिलवाते है। जिनका मुखिया अंशू अग्रवाल है। जिसके द्वारा आनलाइन आईडी बनाकर फरार अभियुक्त धीरू व गिरफ्तार अभियुक्त जमील को दी जाती है तथा उसके द्वारा ही हम लोग आईपीएल/क्रिकेट मैच का सट्टा आनलाइन आईडी/बेवसाइट (vanky12.in , vanky12.com) के माध्यम से आईडी बनाकर आनलाइन आईपीएल क्रिकेट मैच एवं इस अवधि में खेले जा रहे अन्य गेम के विभिन्न परिणामों पर सट्टा/दाव लगाकर हार जीत की जाती है। अंशू अग्रवाल के कहने पर कमीसन आधार पर अभियुक्त शेखर, जमील, खालिद, यश के द्वारा स्वयं भी सट्टा खेलने के साथ-साथ अन्य युवाओं एवं नागरिकों को सट्टा खेलने हेतु प्रोत्साहित किया जाता है। अभियुक्त अंशू अग्रवाल द्वारा बरामद मोबाइल फोन मे कुल 04 मास्टर आईडी एवं 6 दर्जन से अधिक क्लाइंट आईडी प्रयुक्त की जाती हुई पाई गयी। जिनके माध्यम से अभियुक्त अँशू अग्रवाल मिलकर अपने आनलाइन सट्टा आईडी मे लाखों रूपये

के आनलाइन क्वाइन्न एवं फोन पे के माध्यम से मोबाइल में धनराशि का स्थानान्तरण किया गया है। जिसका विवरण दौराने विवेचना जुटाया जा रहा है।

अभियुक्तगणों द्वारा किये जा रहे ऑनलाइन्न सट्टेबाजी से काफी लोगो का जीवन अंधकारमय हो गया है। जिनके आपराधिक कृत्यों की गम्भीरता के दृष्टिगत गम्भीर धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर जेल भेजा गया है। फरार अभियुक्त सहित सट्टा सिन्डीकेट मे संलिप्त अन्य अभियुक्तों की भी तलाश की जा रही है।

पंजीकृत अभियोग का विवरण

थाना कोटरा पर मु0अ0सं0 32/2026 धारा 13 सार्वजनिक जुआ अधि0 एवं 112(2) बीएन्नएस

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण –

1. अंशु अग्रवाल पुत्र कृष्ण कुमार अग्रवाल निवासी मोहल्ला छोटी माता कस्बा व थाना कोटरा जनपद जालौन उम्र करीब 35 वर्ष।
2. जमील पुत्र बशीर निवासी मोहल्ला तालपुरा कस्बा व थाना कोटरा उम्र करीब 25 वर्ष।
3. चंद्रशेखर पुत्र कृष्ण गोपाल निवासी मोहल्ला गणेशगंज बस स्टैंड कस्बा व थाना कोटरा जनपद जालौन उम्र करीब 30 वर्ष।
4. खालिद मिर्जा पुत्र स्वर्गीय साजिद मिर्जा निवासी मोहल्ला कस्बा कोटरा उम्र करीब 20 वर्ष।
5. यश कुमार खरे पुत्र बृजमोहन खरे निवासी मोहल्ला मुगलाना घाट कस्बा व थाना कोटरा जनपद जालौन उम्र करीब 19 वर्ष।

फरार अभियुक्त का विवरण -

1.धीरू उर्फ धर्मेन्द्र सिंह पुत्र चतुर सिंह निवासी मु0 गणेशगंज कस्बा व थाना कोटरा जनपद जालौन

बरामदगी का विवरण –

1. 37,470/- रूपये
2. 05 अदद मोबाइल फोन

टीम का विवरण-

1. प्रभारी निरीक्षक थाना कोटरा मय पुलिस टीम